अमर उजाला 21-02-2025

बैडमिंटन में अंकित सैनी अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से ऑडिटोरियम हॉल में पुरुष स्टाफ सदस्यों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता कराई।

पुरुष वर्ग में अंकित सैनी प्रथम, विक्रम सिंह सैनी द्वितीय, तरणवीर सिंह तृतीय, संजीव कश्यप चौथे स्थान पर रहे। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खेल के समापन पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विजेता खिलाड़ियों की सराहना की। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश मौजूद रहे।

छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता में खेलता स्टाफ। संवाद